पीएम मोदी से टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने की मुलाकात

भारत में ज्यादा संभावनाएं : मस्क

न्यूयॉर्क (अमेरिका), एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख अमेरिकी हस्तियों से मुलाकात की। इसमें टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क भी शामिल रहे। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद एलन मस्क ने कहा कि किसी भी अन्य बड़े देश की तुलना में भारत में अधिक संभावनाएं हैं।

मोदी से मुलाकात के बाद पत्रकारों ने जब सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के मालिक मस्क से कंपनी के पूर्व मालिक तथा सीईओ जैक डोर्सी के भारत सरकार के खिलाफ हाल ही में लगाए आरोपों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि ट्विटर के पास स्थानीय सरकार की बात मानने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है अन्यथा वह बंद हो जाएगा। हम केवल किसी भी देश में कानूनों का पालन कर सकते हैं। हम इससे अधिक कुछ नहीं कर सकते हैं।

अभिव्यक्ति की आजादी प्रदान करने की कोशिश : उन्होंने कहा अलग-अलग सरकारों के अलग-अलग नियम और कानून हैं। इस कानून के तहत जो संभव होगा हम उसके अनुसार अभिव्यक्ति की आजादी प्रदान करने की कोशिश करेंगे। मस्क के अलावा सूची में एस्ट्रोफिजिसिस्ट एवं लेखक नील डेग्रसे टायसन, नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री पॉल रोमर, लेखक निकोलस नसीम तालेब और निवेशक रे डेलियो शामिल हैं।

टेस्ला जल्द भारत में होगी

यह पूछे जाने पर कि क्या टेस्ला (वाहन कंपनी) भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी, इस पर मस्क ने कहा कि वह अगले साल भारत की यात्रा की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि टेस्ला जल्द भारत में होगी। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री का उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और उम्मीद है कि हम निकट भविष्य में साथ काम करने में सक्षम होंगे।

न्यूयॉर्क में पीएम से मुलाकात करते टेस्ला के सीईओ एलन मस्क।

एलन मस्क ने प्रधानमंत्री मोदी को सराहा

एक अलग वीडियो बयान में मस्क ने मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह वास्तव में भारत की परवाह करते हैं, क्योंकि वह देश में उल्लेखनीय निवेश करने के लिए हमसे बात कर रहे हैं। मैं मोदी का प्रशंसक हूं। मस्क ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी बातचीत को बेहतरीन बताते हुए कहा कि भारत सौर ऊर्जा निवेश के मामले में बेहतरीन काम कर रहा है।